तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज अभिषेक माहेश्वरी बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार पीपाड़शहर) सू.अ.अ. अपील संख्या 10 / 2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.03.21	अपीलार्थी अभिषेक माहेश्वरी, पता बी–19, विवेकानंद कॉलानी, नया खेड़ा, जयपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 03.10.2019 में उसके द्वारा (1) खसरा नम्बर 2484 / 3 पटवार हलका पीपाड़सीटी के तरमीम / बंटवारे, प्रकिया संबंधी सहमती पत्र आदि जानकारी की पत्रावली, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार पीपाड़शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार पीपाड़शहर) से जरिये पत्रांक 359 दिनांक 05.02.2021 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में चाही गई सूचना के संबंध उपलब्ध करवाने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक भू.अ. / 2019 / 2799 दिनांक 06.11.2019 व पत्रांक भू.अ. / 2019 / 3089 दिनांक 03.12.2019 व पत्रांक भू.अ. / सू.अ. / 2020 / 1056 दिनांक 05.08.2020 एवं पत्रांक भू.अ. / 20 / 1733 दिनांक 09.11.2020 (पत्राकों की प्रतिलिपि संलग्न द्वारा) प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। रिपोर्ट में यह भी बतलाया कि कार्यालय में उपलब्ध समस्त सूचना उपलब्ध करवाई गई है। अपील के संलग्न कागजात से स्पष्ट होता है कि ग्राम पीपाड़शहर के खसरा नम्बर 2484 / 3 की भूमि बाबत् नामान्तरकरण खोला गया वो बंटवाड़ा डिकी के आधार पर खोला गया तथा बंटवाड़ा डिकी तहसील कार्यालय स्तर से जारी नहीं होता है अतः लोक सूचना अधिकारी द्वारा तहसील कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड की सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध करवाई जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	